भारतीय पर्यटन विकास निगम (आई.टी.डी.सी.) के विरूद्ध अदालती मामले

2515. **श्री गोविन्दराव आदिक :**
श्री प्रमोद महाजन :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पिछले दो वर्षों के दौरान भारत पर्यटन विकास निगम (आई. टी. डी. सी.) के प्रबंधकों के विरूद्ध दायर किए गये अदालती मामलों की संख्या में बहुत वृद्धि हुई है ;

(ख) यदि हां, तो पिछले दो वर्षों के दौरान दायर किए गए मामलों का ब्यौरा क्या है ;

(ग) उनके क्या कारण हैं ;

(घ) क्या यह भी सच है कि ऐसे कई मामले कर्मचारियों द्वारा प्रबंधकों के रवैये के कारण दायर किए गए हैं ;

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार इस स्थिति से उबरने के लिए कुछ कदम उठाने का विचार रखती है ;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(छ) यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) जी, नहीं। प्रबंधकवर्ग के विरूद्ध दर्ज किए गए घाटलों की संख्या लें, गत दो वर्षों के दौरान मामूली सी कमी आई है।

(ख) और (ग) प्रश्न नहीं उठता।

(घ) जी, नहीं, कर्मचारियों के सेवा संबंधी सभी मामले जैसे कि भर्ती, प्रोन्नति, अनुशासनिक कार्रवाई आदि पर वर्तमान नियमों और विनियमों तथा निगम की नीतियों के अनुसार ही विचार किया जाता है।

(ङ) से (छ) प्रश्न नहीं लगता।

इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया में पायलटों की कमी

2516. **श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे :**
श्री गोविन्दराव आदिक :
श्री वीरेन जे. शाह :

क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री 8 दिसम्बर, 1994 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न, 290 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया में पायलटों की कितनी कमी है और इस कमी का प्रचालन सेवाओं पर कहां तक असर पड़ा है ;

(ख) इंडियन एयर लाइंस और एयर इंडिया में पायलटों की कमी को पूरा करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए हैं या उठाने का विचार रखती है ;

(ग) क्या एयर इंडिया और इंडियन एयर-लाइंस का विलय करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद) : (क) इंडियन एयरलाइंस ने अनुमान लगाया है कि दिसम्बर, 1994 में, 16 ए-300, 31 ए-320 और 24 बी-737 विमान-चालकों की कमी है। एयर इंडिया में अनुसूचित सेवाएं प्रचालित करने के लिए विमानचालकों की कमी नहीं है।

(ख) इंडियन एयरलाइंस ने विमानचालकों की कमी को पूरा करने के लिए नीचे दिए गए प्रमुख कदम उठाए हैं :—

(1) परीक्षकों, अनुदेशकों और [illegible] पायलटों की संख्या बढ़ाई गई है ताकि और अधिक संख्या में विमानचालकों को कमाण्ड इयूटी के लिए प्रशिक्षित किया जा सके ;

(2) विमानचालकों की प्रशिक्षण पद्धति में संशोधन किया गया है।

(3) भारतीय वाणिज्यिक विमानचालक संघ के साथ नवम्बर, 1993 में दो समझौतों

पर एक उड़ान ड्यूटी समय सीमाओं और दूसरा उत्पादकता सम्बद्ध भुगतान के बारे में, हस्ताक्षर किए गए जिसके अधीन विभागाध्यक्षों को अधिक परिलब्धियों के बदले अधिक घंटे उड़ान भरनी होगी ।

(ग) जी, नहीं ।

(घ) प्रश्न नहीं उठता ।

Complaint Against Senior Vice President of ITDC

2517. SHRI V. GOPALSAMY : Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state :

(a) whether it is a fact that A1I India Paryan Jan Mazdoor Sabha has complained *to* Government on 28th April, 1994 against the Senior Vice President (CS & HRD) of ITDC; if so, what is the nature of the complaint and what action has been initiated against him in this regard;

(b) whether it is also a fact that the concerned official who was earlier involved *'A* scandal drawing excess house rent by producing false house rent declarations is presently drawing house rent while sfsying in the free accommodation provided to his spouse by the University of Delhi; if so, the details thereof;

(c) whether Government have conduct, ed any enquiry against the concerned officia[1] into various allegations against him in his capacity as Senior Vice President (C & P) if so, the details thereof and the action taken thereof;

(d) whether Government would hold immediately an independent enquiry either through CVC or CBI in all the past allegations of nature; and

is being investigated by Vigilance Department of ITDC.

(b) Sr. Vice President (CS-HRD) is presently staying in the official accommodation w.e.f. 01 August, 1991 allotted to his spouse and is drawing no House Rent Allowance

(c) to (e) In the past, some complaints were received against the same official when ho was working as Sr. Vice President (C & P). These complaints were investigated but were not :d. Therefore, it was not considered appropriate to refer these complaints to CBI or CVC.

घाटे को दूर करने के लिए इंडियन एयरलाइंस और एयर इंडिया के संयुक्त अध्यक्ष की नियुक्ति

2518. श्री शंकर दयाल सिंह : क्या नागर विमानन और पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) जनवरी, 1993 से अक्तूबर, 1994 तक की अवधि के दौरान एयर इंडिया और इंडियन एयरलाइंस द्वारा कमाए गए मुनाफे या उठाए गए घाटे के संबंध में क्रमशः ब्यौरा क्या है ,

(ख) क्या सरकार ने इस बात को ध्यान में रख कर ही श्री मोदी को दोनों कंपनियों का संयुक्त अध्यक्ष (चेयरमैन) नियुक्त किया है , और

(ग) श्री मोदी को अध्यक्ष के रूप में क्या सुविधाएं दी गई हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद): : (क) जनवरी, 1993 से अक्तूबर, 1994 तक की अवधि में एयर इंडिया लि. ने 251.77 करोड़ रुपए का अनुमानित लाभ कमाया है । जबकि इंडियन एयरलाइंस लिमिटेड को 523.65 करोड़ रुपए की अनुमानित हानि हुई है ।

(ख) जी, नहीं ।

(ग) लोक उद्यम विभाग द्वारा जारी विषय से संबंधित मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार अंशकालिक अध्यक्ष के रूप में श्री रूसी मोदी